आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनिनाम साहेब

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा

जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

Email: govtpgcollege.kawardha@gmail.com, Website : www.pgcollegekawardha.edu.in

NAACReaccredited by GRADE "B"

कृति

2024-25

आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनिनाम साहेब

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा

जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

प्राचार्य एवं संरक्षक

डॉ.ऋचा मिश्रा

संपादक

प्रो. नरेन्द्र कुमार कुलमित्र

कृति में प्रकाशित रचनाओं से संपादकीय सहमति आवश्यक नहीं है। रचनाकार के स्वयं के विचार हैं, संस्था उत्तरदायी नहीं है।

संपादक मण्डल

अनुक्रमणिका

1. छत्तीसगढ़ी भाषा 1
2. पढ़ाई कभी बेकार नहीं जाती 2
3. मेरी कल्पना या मेरा भ्रम 3
4. हृदय स्पर्शी कविता 4
5. घनिष्ठ मित्रता 5
6. नारी : एक प्यारी सी रचना 6
7. अन्नदाता की कहानी 7
8. महिना 8
9. जीवन दर्शन 9
10. छत्तीसगढ़ी कविता 10
11. मेरे माँ-बाप 11
12. कुछ करना है, तो डटकर चल 12
13. राजनीति पर मेरे विचार 13
14. एन.एस.एस. परिवार 14
15. माँ-बाप 16
16. जो सरहद पर सीना तान खड़े 17
17. एन.एस.एस. शिविर 18
18. मेरे प्यारे पापा 19
19. युवा शक्ति 20
20. गाँव की यादें 21
21. गुरू की महिमा 22
22. मेरा मित्र 22
23. प्रतिवेदन हिन्दी विभाग सत्र 2024-25 23
24. तम्बाकू नियंत्रण समिति 25
25. काउंसलिंग सेल 25
26. राष्ट्रीय सेवा योजना 26
27. सात दिवसीय विशेष शिविर (प्रमुख बिन्दु) 27
28. क्रीड़ाविभाग 32
29. संपादित कार्यक्रमों के समाचार पत्रों की प्रतियाँ 35
30. झलकियाँ (तस्वीरें में) 40
31. महाविद्यालयीन स्टॉफ की सूची 52
32. अतिथि व्याख्याताओं की सूची 54
33. जनभागीदारी स्टॉफ 54

विजय शर्मा
उप मुख्यमंत्री

छत्तीसगढ़ शासन
गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास
तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और
प्रौद्योगिकी विभाग

क्रमांक

दिनांक .....

// संदेश //



मुझे जानकर बड़ी प्रसन्नता हुई कि आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा द्वारा वार्षिक पत्रिका " **कृति** " का प्रकाशन किया जा रहा है।

मुझे उम्मीद है कि यह पत्रिका महाविद्यालयीन गतिविधियों के साथ ही छात्र-छात्राओं में छिपी प्रतिभा को निखारने में सहायक सिद्ध होगी तथा अपने नाम को सार्थक करेगी।

पत्रिका " **कृति** " के प्रकाशन के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

आपका

विजय शर्मा
उप मुख्यमंत्री

कार्यालय : कक्ष क्रमांक एम 4-1, महानदी भवन, मंत्रालय, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) दूरभाष नं. 0771-2510904, 2221104
निवास - सी.-3 सिविल लाईन, रायपुर (छ.ग.) दूरभाष नं. 0771-2445561, 91092-55611

अरूण साव
उप मुख्यमंत्री
ARUN SAO
Deputy Chief Minister

छत्तीसगढ़ शासन
लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
विधि और विधायी कार्य, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग
Government of Chhattisgarh
Public Works Department, Public Health Engineering
Law & Legislative Affairs Department
Urban Administration & Development Department

क्रमांक ....336..../उप मुख्यमंत्री/2025 रायपुर, दिनांक : ..19../.01../2025

–: शुभकामना संदेश :–

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई है कि, आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा, जिला–कबीरधाम (छ.ग.) द्वारा वार्षिक पत्रिका "**कृति**" (सत्र 2024–25) का प्रकाशन किया जा रहा है।

मुझे आशा ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्वास है कि, इस ख्यातिनाम संस्थान के द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका "**कृति**" एक सार्थक व रचनात्मक अभीष्ट को प्राप्त करेगा।

"**कृति**" पत्रिका प्रकाशन के लिए मेरी ओर से हार्दिक बधाई एवं असीम शुभकामनाएँ....

(अरूण साव)

प्रति,

प्राचार्य,
आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
कवर्धा, जिला–कबीरधाम (छ.ग.)

कार्यालय : एम–4/9, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.) * निवास : डी/8, सिविल लाईन, रायपुर (छ.ग.)
Office : M-4/9, Mantralaya, Mahanadi Bhawan, Nava Raipur Atal Nagar (C.G.) * Niwas : D/8, Civil Line, Raipur (C.G.)
Ph. (Mantralaya) / दुरभाष (मंत्रालय) : 0771–2510319, 2221318 * Ph. (Niwas) / दुरभाष (निवास) : 0771–2331012, 2331013

प्रसन्ना आर
भा.प्र.से.
सचिव

छत्तीसगढ़ शासन
उच्च शिक्षा विभाग
एस–1/4, महानदी भवन, मंत्रालय,
नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़–492002
दूरभाष : 0771–2221322, फैक्स : 2510244
ई–मेल : secy.he.cg@gmail.com

अर्द्धशासकीय पत्र क्रमांक 17
दिनांक 16/01/2025

:: शुभकामना संदेश ::

प्रिय,

अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा, जिला–कबीरधाम (छ.ग.) द्वारा महाविद्यालयीन वार्षिक पत्रिका **"कृति" 2025** का प्रकाशन किया जा रहा है।

छात्र–छात्राओं में अभिव्यक्ति का कौशल विकसित करने के लिए ऐसी पत्रिकाएं महत्वपूर्ण होती है। इस पत्रिका में रचनाशील प्राध्यापकों तथा छात्र–छात्राओं की मौलिक रचनाएं प्राथमिकता से प्रकाशित की जानी चाहिए। पत्रिका के माध्यम से महाविद्यालय की गतिविधियों एवं विशेषताओं की जानकारी भी लोगों तक पहुंचती है।

मैं इस अवसर पर अपनी शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ कि सभी छात्र–छात्राएं अपने अध्ययन अवधि का उपयोग ज्ञान अर्जन के लिये करेंगे तथा उत्तरोत्तर विकास पथ पर बढ़ते रहेंगे।

(प्रसन्ना आर.)

प्रति,

प्राचार्य,
आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा, जिला–कबीरधाम (छ.ग.)

प्राचार्य की कलम से .....

आचार्य पंथ श्री गृधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा की स्थापना 10 अगस्त 1983 को शासकीय महाविद्यालय कवर्धा के रूप में की गई थी। वर्ष 2009 में महाविद्यालय को वर्तमान नाम प्रदान किया गया। कबीर पंथ वंशाचार्य की आध्यात्मिक परंपरा से अनुप्राणित यह महाविद्यालय निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है तथा गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सुदृढ़ पहचान स्थापित कर चुका है।

महाविद्यालय में कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं कम्प्यूटर साइंस संकायों में स्नातक स्तर की शिक्षा उपलब्ध है तथा 14 विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं। कम्प्यूटर शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु स्ववित्तीय योजना के अंतर्गत डी.सी.ए. एवं पी.जी.डी.सी.ए. पाठ्यक्रम संचालित हैं, वहीं शासन द्वारा स्वीकृत बी.सी.ए. (कम्प्यूटर साइंस) पाठ्यक्रम के माध्यम से इस अंचल के विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा का लाभ प्राप्त हो रहा है।

शैक्षणिक सत्र 2024-25 में महाविद्यालय में अध्ययनरत कुल छात्र-छात्राओं की संख्या 4188 है, जिसमें 2019 छात्र तथा 2169 छात्राएँ सम्मिलित हैं। यह तथ्य महाविद्यालय में शिक्षा के प्रति बढ़ते विश्वास एवं छात्राओं की सक्रिय सहभागिता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार विविध सहशैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। प्रतिवर्ष वार्षिक स्नेह सम्मेलन, खेलकूद प्रतियोगिताएँ तथा छात्रसंघ निर्वाचन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जो विद्यार्थियों के नेतृत्व, अनुशासन एवं व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। भौतिक सुविधाओं के अंतर्गत सुसज्जित अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह, अतिथि गृह एवं व्यायामशाला उपलब्ध हैं।

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला एवं पुरुष इकाइयाँ सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। इनके माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान, नशामुक्ति तथा अन्य समाजोपयोगी गतिविधियाँ संचालित की जाती हैं। प्रतिवर्ष सात दिवसीय विशेष शिविर के माध्यम से ग्रामों में सेवा कार्य किए जाते हैं, जिससे विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है।

इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में एन.सी.सी. की पुरुष एवं महिला इकाइयाँ भी संचालित हैं, जिनके माध्यम से छात्र-छात्राओं में अनुशासन, नेतृत्व, देशभक्ति एवं राष्ट्रसेवा की भावना का विकास होता है तथा वे पुलिस एवं सैन्य सेवाओं के लिए प्रेरित होते हैं।

महाविद्यालय में आधुनिक सुविधाओं से युक्त विधायुक्त पुस्तकालय उपलब्ध है, जिससे विद्यार्थी एवं शोधार्थी निरंतर लाभान्वित हो रहे हैं। शैक्षणिक विजन एवं मिशन के अनुरूप सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप यह महाविद्यालय आज जिले के अग्रणी शासकीय महाविद्यालयों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

संपादकीय...

शिक्षा, संस्कार और संकल्प का जीवंत केंद्र

कबीर की वाणी में शिक्षा केवल ज्ञानार्जन नहीं, बल्कि मनुष्य को मनुष्य बनाने की प्रक्रिया है। इसी विचार-परंपरा को साकार रूप देता हुआ आचार्य पंथ श्री गृधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा आज न केवल एक शिक्षण संस्थान है, बल्कि इस अंचल की बौद्धिक, सांस्कृतिक और नैतिक चेतना का सशक्त केंद्र बन चुका है।

10 अगस्त 1983 को शासकीय महाविद्यालय कवर्धा के रूप में आरंभ हुई यह संस्था, वर्ष 2009 में अपने वर्तमान नाम के साथ कबीर पंथ की आध्यात्मिक परंपरा से अनुप्राणित होकर एक नई पहचान प्राप्त करती है। यह पहचान केवल नाम की नहीं, बल्कि दृष्टि की है—ऐसी दृष्टि, जो शिक्षा को रोजगार तक सीमित नहीं करती, बल्कि उसे जीवन-मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रनिर्माण से जोड़ती है।

कला, विज्ञान, वाणिज्य और कम्प्यूटर साइंस जैसे विविध संकायों में स्नातक तथा 14 विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का सफल संचालन यह प्रमाणित करता है कि महाविद्यालय समय की मांग के अनुरूप निरंतर स्वयं को अद्यतन कर रहा है। डी.सी.ए., पी.जी.डी.सी.ए. और बी.सी.ए. जैसे तकनीकी पाठ्यक्रमों के माध्यम से यह संस्था ग्रामीण और अर्धशहरी विद्यार्थियों के लिए डिजिटल भविष्य के द्वार खोल रही है—यह अपने आप में सामाजिक न्याय का एक सशक्त उदाहरण है।

शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 4188 विद्यार्थियों की उपस्थिति केवल संख्या नहीं है; यह उस विश्वास का प्रतीक है, जो समाज ने इस महाविद्यालय पर किया है। विशेष रूप से छात्राओं की बढ़ती सहभागिता यह संकेत देती है कि शिक्षा यहाँ सशक्तिकरण का माध्यम बन रही है। शिक्षा के साथ-साथ सहशैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को दिशा देती हैं। वार्षिक स्नेह सम्मेलन, खेलकूद प्रतियोगिताएँ और छात्रसंघ निर्वाचन—ये सभी लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन के जीवंत प्रयोगशाला हैं। अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह, व्यायामशाला और अन्य भौतिक सुविधाएँ इस विकास को ठोस आधार प्रदान करती हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना और एन.सी.सी. की सक्रिय इकाइयाँ महाविद्यालय को कक्षा की चारदीवारी से बाहर समाज और राष्ट्र से जोड़ती हैं। स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण, नशामुक्ति और सेवा कार्यों के माध्यम से विद्यार्थी 'डिग्रीधारी' ही नहीं, बल्कि 'जिम्मेदार नागरिक' बनते हैं। सात दिवसीय विशेष शिविरों में गाँवों के साथ स्थापित संवाद, शिक्षा के मानवीय पक्ष को उजागर करता है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त विधायुक्त पुस्तकालय इस बात का साक्ष्य है कि ज्ञान यहाँ स्थिर नहीं, बल्कि सतत प्रवाह में है। यही कारण है कि स्पष्ट विजन और मिशन के साथ यह महाविद्यालय आज जिले के अग्रणी शासकीय महाविद्यालयों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुका है।

कृति पत्रिका के माध्यम से हम यह विश्वास व्यक्त करते हैं कि आचार्य पंथ श्री गृधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा आने वाले समय में भी शिक्षा, संस्कार और संकल्प के समन्वय से नई पीढ़ी को दिशा देता रहेगा—और कबीर की मानवीय चेतना को आधुनिक संदर्भों में जीवित रखेगा।

नरेन्द्र कुमार कुलमित्र

संपादक, कृति पत्रिका

छत्तीसगढ़ी भाषा

छत्तीसगढ़ी भाषा, हमारी पहचान,
जिसमें बसी है, हमारी जान ।
गांव-गांव में, खुशियाँ बिखेरे,
बातों के सुर में, प्यार ही प्यार मिले।।

बचपन से सीखी, दुनिया में छाई,
छत्तीसगढ़ी भाषा, दिलों में समाई।
हमारी संस्कृति, हमारा गौरव है,
इस भाषा में बसी, अपनी पहचान है।

जब तक है जिन्दगी, रखेंगें इसका मान,
छत्तीसगढ़ भाषा, हमेशा रहे हमारी जान।।

भारती बघेल
एम.ए.हिन्दी
चतुर्थ सेमेस्टर

पढ़ाई कभी बेकार नहीं जाती

''ज्ञान का कोई अंत नहीं, हर सीखा हुआ पाठ एक दिन काम आता है''

जीवन में प्राप्त की गई शिक्षा कभी बेकार नहीं जाती। पढ़ाई चाहे किसी भी रूप में हो, वह इंसान के जीवन को बेहतर बनाने में सहायक होती है। कोई भी ज्ञान छोटा या बड़ा नहीं होता, और वह व्यक्ति के भीतर विचारशीलता, समझदारी और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता पैदा करता है। पढ़ाई का असर सिर्फ परीक्षा में अच्छे अंक पाने तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह जीवन को सही दिशा दिखाने वाला मार्गदर्शक होती है।

- ❖शिक्षा का महत्व जीवनभर रहता है।
- ❖किसी भी रूप में प्राप्त किया गया ज्ञान उपयोगी होता है।
- ❖पढ़ाई सोचने-समझने की क्षमता को बढ़ाती है।
- ❖शिक्षा चुनौतियों का सामना करने में मदद करती है।
- ❖पढ़ाई का लक्ष्य केवल अंक प्राप्ति नहीं, बल्कि जीवन सुधारना है।

तुकेश चन्द्रवशी
एम.एस-सी. बॉटनी
चतुर्थ सेमेस्टर

मेरी कल्पना या मेरा भ्रम

कौन हो तुम?
मुझे नहीं पता कौन हो तुम? देखा हूँ तुम्हें जब से
तुम्हें बार-बार देखने का मन करता है।
कौन हो तुम?

मेरी कल्पना या मेरा भ्रम हो तुम?
लेकिन जो भी हो तुम, कुदरत का एक नायाब तोहफा हो तुम।।
कौन हो तुम?
बारिशों के मौसमों की हरियाली हो तुम या प्रकृति की एक
परम सुन्दरी हो तुम, कौन हो तुम?
तितलियों के मन को, मंत्रमुग्ध करने वाली फूलों की क्या तुम ही हो रानी।
आखिर कौन हो तुम?

बादलों के संग, मंद-मंद बहने वाली क्या ठंडी हवा हो तुम, कौन हो तुम?
लेखकों को कवियों की क्या? तुम ही शब्दविचार हो, कौन हो तुम?

या किसी कवि की कविता का रचना संसार हो तुम, कौन हो तुम?
लो तुम ही बताओ कौन हो तुम?

नन्हें-नन्हें बच्चों की क्या? लबों पर आई मुस्कान हो तुम, कौन हो तुम?
या काले कोयल के मीठे बोल हो तुम, कौन हो तुम? सच में कौन हो तुम?

मेरे शब्द या मेरे ख्याल हो तुम, तुम ही बताओ? कौन हो तुम?
ईश्वर की दुआ हो तुम या सात सुरों के संगीत हो तुम कौन हो तुम?
मेरे ख्यालों में मेरे विचारों में बस तुम ही तुम,

कौन हो तुम..... कौन हो तुम..... कौन हो तुम.....।।

डोमन सिंग धुर्वे
एम.ए.हिन्दी (चतुर्थ सेमेस्टर)

हृदय स्पर्शी कविता

जब तक चलेगी जिन्दगी की सांसें, कहीं प्यार कहीं टकराव मिलेगा।
कहीं बनेंगे संबंध अंतर्मन से तो, कहीं आत्मीयता का अभाव मिलेगा।।

कहीं मिलेगी जिन्दगी में प्रशंसा तो, कहीं नाराजगियों का बहाव मिलेगा।
कहीं मिलेगें सच्चे मन से दुआ तो, कहीं भावनाओं में दुर्भाव मिलेगा।।

कहीं बनेंगें पराए रिश्ते भी अपने तो, कहीं अपने से ही खिंचाव मिलेगा।
कहीं होंगी खुशामदें चेहरे पर तो, कहीं पीठ-पीछे बुराई का घाव मिलेगा।।

कहीं मिलेगी खुशियों की बौछार तो, कहीं गमों का पड़ाव मिलेगा।
कहीं मिलेगी विफलताएं हजार तो, कहीं संघर्षों में सफलता अपार मिलेगा।।

कहीं जिन्दगी से जंग तो, कहीं ढेर सारी उमंग मिलेगा।
कहीं जिन्दगी में सीख, तो, कहीं जिन्दगी जीने का ढंग मिलेगा।।

कहीं जिन्दगी से ईर्ष्या तो, कहीं किसी से लगाव मिलेगा।
कहीं दूसरों से अपनापन तो, कहीं अपनों से ही अलगाव मिलेगा।।

कहीं जिन्दगी में ताल से ठहराव तो, कहीं नदी की तरह बहाव मिलेगा।
कहीं रवि सी तपति धूप तो, कहीं वृक्षों सी शीतल छांव मिलेगा।।

तू चलाचल राही अपनी कर्मपथ पे, जैसा तेरा भाव, वैसा प्रभाव मिलेगा।
रख स्वभाव में शुद्धता का स्पर्श तो, अवश्य जिन्दगी का पड़ाव मिलेगा।।

पवन कुमार सिन्हा
एम.एस-सी. द्वितीय सेमेस्टर (रसायन शास्त्र)

घनिष्ठ मित्रता

किसी की आस है, सदाचारी की विश्वास है।
जीवन की सभी आनंदों की रास है दोस्ती।।

पथ में उमंगों की पहचान
महफिल की शान
बीते पलों की यादगार किस्सा
जीवन का मुख्य हिस्सा है दोस्ती।।

सभी रिश्तों में सबसे खास
प्रेरणाओं की अटूट विश्वास
आदर्शों की मिशाल
ऐसी जीवन उपयोगी सारथी
प्यारी गहरी अभिमान है दोस्ती।।

होठों पर मुस्कुराती शान,
अपनेपर की पहचान
जिन्दगी के आनंदों की अभिमान है दोस्ती।।

जातिप्रथा, भेदभाव ना माने,
ऊंच नीच की रीति ना जाने,
प्रेम भावना और त्याग का
जीवन में संपन्न प्रमाण है दोस्ती।।

अच्छे स्वभाव की पहचान
नई आशा उमंगों में सर्वोपरि अभिमान
निःस्वार्थता का अनमोल प्रमाण है दोस्ती।।

पवन कुमार जंघेल
एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर "हिन्दी"

नारी : एक प्यारी सी रचना

माँ, बहन, पत्नी
बेटी नारी तेरे कितने रूप।
वरदान है इंसान के लिए,
तेरे सारे, सारे स्वरूप।।

माँ बनके जन्म दिया,
दुनियाँ का हर कष्ट सहा,
बहन के रूप में दोस्त बनके,
जाने कितने नखरे उठाये।।

पत्नी बनके ईश्वर बना दिया,
अपनों से बढ़के प्यार किया,
बनके बेटी जो जन्म लिया,
हर सुख दुःख में साथ दिया।।

रमणी, कामनी, कान्ता, वनिता
जाने कितने नाम हैं तेरे,
स्त्री, अबला, औरत, सुन्दरी, नारी
जाने क्या-क्या संसार पुकारे।।

तुझ ही से सृष्टि, तुझ ही से विनाश,
तू ही न जाने, कितनी शक्तियां तेरे पास ।।

दुनियाँ में सबसे शोषित, दलित और उपेक्षित,
फिर भी तू चाहे सबका हित।।

रितेश धुर्वे
एम.ए. प्रथम सेमेस्टर "हिन्दी"

अन्नदाता की कहानी

किसान को अन्नदाता कहते हैं। वह अपने खेतों में कठोर परिश्रम करता है।
वह खेत को जोतता-बोता है। उसकी सिंचाई करता है। फसल की रखवाली करता है।
फसल के पकने पर उसकी कटाई और बालियों के अन्न के दाने निकालती है।
बैल तथा अन्य पशु खेती के कार्य में उसके सहायक हैं।
उनके पालन-पोषण तथा देखभाल का उत्तरदायित्व भी किसान ही उठाता है।
सबेरे होते ही वह हल बैल लेकर खेत की ओर चल देता है।
धीरे-धीरे सूरज ऊपर चढ़ने लगता है परन्तु किसान का काम बंद नहीं होता।
दोपहर को खेत में ही किसी वृक्ष के तले कुछ देर आराम करने के बाद वह शाम तक अपने काम में लगा रहता है। अंधेरा होने पर वह घर लौटता है, किसान त्यागपूर्ण जीवन जीता है।

वह दूसरों के हितों की रक्षा के लिए अपना सुख-दुख त्याग देता है।
वह स्वयं भूखा रहकर दूसरों का पेट भरता है।
वह अपने पशुओं की देखभाल करने में अपने रात-दिन के आराम की भी चिन्ता नहीं करता।
किसान अन्नदाता ही नहीं बल्कि वह भगवान भी है, जीवन देता है।
खेतों पर अपना खून-पसीना एक कर हमें अन्न देता है।
किसन की वजह से ही हमें दो वक्त की रोटी मिलती है और हम उन्हें ही भूल जाते हैं अगर किसान नहीं रहा तो हमारा जीवन भी समाप्त हो जाएगा।।

हरिनारायण वर्मा
बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर

तुम

ये जमीं भी तुम, ये आसमान भी तुम।
मेरे चेहरे की प्यारी मुस्कान भी तुम।।
मेरा दोस्त भी तुम, मेरा प्यार भी तुम।
मेरी किस्मत की लकीरें भी तुम।।

मेरी हिम्मत भी तुम, मेरी किस्मत भी तुम।
जीवन में धूप भी तुम और छांव भी तुम।।
मेरी हार भी तुम, मेरी जीत भी तुम।
सच कहूँ तो मेरी जिन्दगी हो सिफ तुम।।

महिना

जनवरी, फरवरी, मार्च, महिना
अप्रेल, मई में बहा पसीना।
जून-जुलाई, मुश्किल है जीना,
अगस्त-सितम्बर भीगे मीना।
अक्टूबर में कीड़े आते।
लेकर कंबल और रजाई
दिसम्बर में ठंडी आई।।

वेद प्रकाश निषाद
बी.ए. द्वितीय वर्ष

जीवन दर्शन

सबके जीवन में रहता है गम, कुछ में ज्यादा कुछ में कम,
सताये दुख किसी को धन का, किसी को सताये दुख तन का !!

हाथ में देख फूल, मन खुश हो जाता है,
पर वही हाथ में पत्थर देख दिल सहम जाता है।।
किस पर वफा करें हम, सब खुदगर्ज नजर आता है,
यहाँ सब कोई खैरियत नहीं, मर्ज नजर आता है।।

किस पर करें यकीन यहाँ पर, युधिष्ठिर दिखाई नहीं देता।
हर मोड़ पर, हर राह पर, धृतराष्ट्र दिखाई देता है।।
संजय तो अब नहीं यहाँ, जो सत्य का बखान करे।
पग-पग पर शकुनी खड़ा, पूरा अपना अरमान करें।।

जीत होगी अंत में, जहाँ होंगें केशव,
पर युद्ध मैदान में, पड़े रहेंगें अनगिनत शव।।
विश्वास किस पर करें, अब समझ नहीं आता है।
देखे जिस ओर इस कलयुग में। छद्मवेशधारी मारीच नजर आता है।।

हमने विश्वास किया तो वे विश्वासघाती हो गये, अब मानव, मानव नहीं दुराचारी होने लगे।
दिखावे की इस दुनिया में, अब कोई नहीं अपना है, भाई चारा स्थापित हो अब यही एक सपना है।।
अब पेड़ की शाखायें ही, अपने जड़ को काटने लगे।
अब देख मन कचोटता है, संतान माँ को धित्कारने लगे।।

दुख तो है मन में अपार, बयाँ कर पाना मुश्किल है।
बयाँ कर दुख को क्या फायदा, जब हमदर्द मिलना मुश्किल है।।

सुख में मिलते हैं साथी हजारो, दुख में नहीं कोई साथ है।
दिल में दुख का सागर मगर, चेहरे पर झूठी मुस्कान है।।

वक्त बुरा आता है, तब दुख साथ लाता है।
सच्चे अपनों की पहचान, हमें दुख ही कराता है।।

कु. प्रिया श्रीवास्तव एम.ए. हिन्दी

छत्तीसगढ़ी कविता

मोर छत्तीसगढ़ के माटी

बड़े बड़े नदिया नरवा हे, बड़े-बड़े के, घाटी ।
मैं बंदौ भुईयया गा, मोर छत्तीसगढ़ के माटी।।

(1) नई मागय अनधन संगी, नई मागय सोना चांदी,
मेहनत के भूखे है भुईयया, मोर छत्तीसगढ़ माटी।
बड़े-बड़े देवी-देवता भईन्न है, इही छत्तीसगढ़ माटी,
मैं बंदौ भुईयया गा, मोर छत्तीसगढ़ के माटी।।

(2) धान कटोरा कहिथे संगी, छत्तीसगढ़ सोनहा माटी,
महानदी अउ अरपापैरी, बोहाये हे एखरी छाती।
बड़े-बड़े कारखाना खुले है, भिलाई नगर लोहाटी,
मैं बंदौ भुईयया गा, मोर छत्तीसगढ़ के माटी।।

(3) हरियर हरेली तिजा पोरा, रैहा के ठेठरी-खुरमी,
सुवा करमा ददरिया जस फाग, ईहा के मिठ-मिठ बोली।

कु. मानसी मानिकपुरी
एम.कॉम. द्वितीय सेमेस्टर

मेरे माँ-बाप

माँ जन्नत की कुंजी है, बाप जन्नत की चाबी।
माँ घर की जन्नत है, बाप घर की चराग।।
माँ के बगैर घर में रौनक नहीं होती।
बाप के बगैर घर अंधेरा सा छा जाता है।।
माँ खाना बनाती है, बाप खाना खिलाता है।
माँ आंसू पोछती है, बाप हंसाता है।।
माँ घर की महल है, बाप घर का दरवाजा है।
माँ जन्नत में ले जाती है, बाप दोजख से बचाता है।।
घर से निकलो मां की दुआ साथ रहती है।
बाप साया बनकर चलता है।।

शौकीन कुरैशी
एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर हिन्दी

कुछ करना है, तो डटकर चल



कुछ करना है, तो डटकर चल।
थोड़ा दुनिया से हटकर चल।।

लीक पर तो सभी चल लेते हैं।
कभी इतिहास को पलटकर चल।।

बिना काम के मुकाम कैसा?
बिना मेहनत के दाम कैसा?

जब तक हासिल ना हो मंजिल।
तो राह में आराम कैसा?

अर्जुन सा, निशाना रख।
मन में न कोई बहाना रख।।
लक्ष्य सामने है।
बस उसी में अपना ठिकाना रख।।

सोच मत साकार कर।
अपने कर्मों से प्यार कर।।

मिलेगी तेरी मेहनत का फल।
किसी और का ना इंतजार कर।।

जो चले थे अकेले उनके पीछे आज मेले हैं।
जो करते रहे इंतजार, उनकी जिन्दगी में आज भी झमेले हैं....

हरीश साहू
बी.ए. तृतीय वर्ष

राजनीति पर मेरे विचार

सत्ता की बुनियाद, विचारों का संग्राम,
राजनीति विज्ञान लिखता बदलाव का नाम ।।
जनता के सपनों का जो रखे हिसाब,
हर शासक को देता ईमान का जवाब।।

संविधान के शब्दों में बसती है जान,
हर अनुच्छेद सिखाता इंसान का मान।
नीति और कूटनीति का अद्भुत ज्ञान,
यही तो है राजनीति विज्ञान।।

यह पाठ सिखाता है नेतृत्व का शौर्य,
समाज को जोड़ने का अनमोल गौरव।
शांति के पथ पर चलने का आधार,
भविष्य निर्माण का यह देता आकार।।

चुनाव की रणनीति, सत्ता का खेल,
लेकिन इसमें छिपा है इंसान का मेल।
राजा और रंक के बीच का पुल,
राजनीति विज्ञान से बनता है कुल।।

तो उठो, सोचो और बदलो यह जमाना,
तुम्हारे विचार बनेंगें कल का तराना।
हाथ में है शक्ति, शब्दों में आग,
राजनीति विज्ञान है परिवर्तन का राग।।

धनऊ कुमार धुर्वे
एम.ए. राजनीति विज्ञान तृतीय सेमेस्टर

एन.एस.एस. परिवार

हम सब ने बाँटा एक दूसरे को प्यार,
और क्या कहूँ इस विषय में यह है मेरा एन.एस.एस. परिवार

जब मिले थे हम सभी तो ये एक अजनबी
पर अब ऐसा लगता है, परिवार बन गए हम सभी

एक बार जुड़कर एन.एस.एस. से अलग नहीं जाना चाहोगे
और बार-बार सिर्फ लक्ष्यगीत गाना चाहोगे।।

यह है मेरा एन.एस.एस. परिवार

नफरतों को बांटकर हम नस्लें बोएं प्यार की
कुछ अपनों के विश्वास की कुछ सपनों के संसार की
अपनेपन की बगिया में खुशहालों का द्वार
जीवन भर की पूँजी है, एन.एस.एस. परिवार

यह है मेरा एन.एस.एस.परिवार

पायल चन्द्राकर
बी.ए.द्वितीय वर्ष
राष्ट्रीय स्वयं सेविका

प्रकृति माँ

मौसम ने कहा! मैं बदल जाऊँगी पर तुम मत बदलो ना मेरे लाल, मैं बदलकर पलटकर वापस आऊँगी।
मैं बदल-बदलकर भी नहीं बदलती और एक तू है जो एक बार बदला फिर कभी नहीं बदलता।।
ये कैसा रिश्ता है तेरा मेरा, बेटा मैं कहती हूँ तू मेरा है। तू कहता है माँ मैं तेरा हूँ, पर परमपिता कहते हैं कि न मैं तेरा ना तू मेरा, हमारी आत्मा तो है परमात्मा के घर का बसेरा।।
बदल दिये हैं लोगों ने मुझे चाहने के तरीके, पहले सब दिल से चाहते थे अब दिमाग से चाहने लगे।
मेरी आत्मा के आरोह-अवरोह में एक आवाज सी छनकी है, ना दिल से चाहो मुझे ना दिमाग से,
चाहते हैं कैसे जाओ पूछो भोलेनाथ से।।
मैं क्या करूँ मैं तुझे दोष नहीं देना नहीं चाहती मेरे लाल
पर यकीन मानों सचमुच में कर दिया है तूने मेरा जीवन बेहाल।।
सरगमें सरकती थी मेरी इन्द्रधनुष का रंग बनकर अब न रंग है ना उन रंगों में हम हैं।
सारी सरगमें खो गई मेरी और अब खुशी नहीं सिर्फ गम है गम है और बस गम है।
ना सांसे सरगम रही ना धड़कन मध्यम है,
तू मुझमें तो है समाया पूरी तरह पर तुझमें मेरा होना थोड़ा कम है,
रे इंसान तू क्यों ना समझे, ये मोह माया नहीं सब भरम है।।
अब रूक जाओ, वहीं ठहर जाओ, वर्ना रोक नहीं पाऊँगी अपने आप को,
और मैं ये नहीं चाहती की तुम, तीतर-बीतर कर लो खुद को।।
तू धीरे-धीरे मुझे कालों का कल बनाता जा रहा है,
मैं महाकाल नहीं बनना चाहती पर तू मुझे महाकाल बनाता जा रहा है।।
अरे रूक जा बस यही थम जा, मुझे मत बनाओ कालो का काल
परमात्मा कसम मैं नहीं बनना चाहती महाकाल।
और हाँ मेरी इतनी गहरी ममता मई चेतावनियों के बाद भी अगर जारी रखा यह चाल,
तो मैं ना चाहकर भी बन जाऊँगी सबका काल और फिर कोई नहीं रोक सकता इस पृथ्वी पर आने को भुचाल सिहर
सिहर उठेगी ये धरती अचल हो जाएगी प्रकृति, और सबके निकल जायेंगें खाल, क्योंकि मेरे बेटे तुझमें शक्ति
ही इतनी है कि तू बुला सकता है खुद का और मेरा भी काल।
बस अब तेरी प्रकृति माँ रही है, तुम मानवजाति को अपने गोद में बिठाकर रो रही है।
मैं नही चाहती मैं बनू किसी का काल, मैं नहीं चाहती सच में की मैं बनू महाकाल।।
अब सुन,
अभी तक तो मध्यम चिंगारियों की बारिश हो रही है सूर्य से, पर अगर तुमने मुझे सताना बंद नहीं किया तो होगा शोलों की बरसात,
और अगर तुमने अब भी नहीं रोका इस धरती को दूषित और प्रदूषित करना तो सोच ले कि मुझे मजबूर होकर करना ही पड़ेगा तुम पर आघात ।।
पर्वतों के छूटने लगेंगें पसीने और हिमानी बहेगी होकर मतवार, सूर्य के शैले अंगारे बनकर करेगी इनका बेड़ा पार।
फिर समुद्र गायेगा पहली बार तब तू कुछ ना उखाड़ पायेगा, फिर भी राम, कृष्ण शिव ही गायेगा।।
जब उमड़ेगा समुद्र का हुंकार, कोई कर न सकेगा सोच विचार, फिर विज्ञान देखेगी खोलकर, अपनी आंखे चार और फिर चारो तरफ कुछ ना दिखेगा सिर्फ दिखेगा हाहाकार!
तू कहा छुपेगा मंगल में, अरे पड़ जायेगा वहा दंगल में।
अभी समय है शांत रहो, फिर से खोजो मुझे और मुझमें बहो।।
माँ को खोकर बेटा जब तू, जब घर-घर रोयेगा।
माँ कहेगी तूने खोया मुझे, अब खुद को भी तू खोएगा।।

ममता चन्द्रवंशी
एम.कॉम, तृतीय सेमेस्टर

माँ-बाप

माँ बाप दुनिया की सबसे बड़ी नेमत है, माँ-बाप पर जितना लिखा जाए कम है। माँ-बाप की कमी उन लोगों को सबसे ज्यादा खलती है। जिनके माँ-बाप नहीं होते हैं, हर मजहब में माँ-बाप की अहमियत के बारे में बताया गया है। उनके साथ अच्छा सुलूक करने के लिए बताया गया है, इसी तरह इस्लाम धर्म में भी अपने माँ-बाप के साथ अच्छा सुलूक करने और उनके खिद्मत करने की हिदायत दी गई है।

आप अपनी माँ की मदद् कैसे कर सकते हैं ?

अपनी माँ को खुश करने के लिए अपने काम के बाद सफाई करें। अगर आपने अपनी मेज बिस्तर या कमरे में गंदगी छोड़ी है तो उसक साफ करें। घर के उन कामों में मदद करें जिन्हें आमतौर पर आपनी मां करती है। उदाहरण के लिए टेबल लगाना या कूड़ा बाहर निकालना। आपका स्वर्ग आपकी आपकी मां के पैरों के नीचे है इस्लाम में बताया है माँ-बाप के साथ अच्छा व्यवहार करो चाहे उनमें से एक या दोनों तुम्हारे साथ बुढ़ापे में पहुँच जाए उनसे ''उफ'' न कहो और न ही उन्हें हतोत्साहित करो। लेकिन उनसे एक नेक बात कहा और उन पर दया करके नम्रता के पंख झुकाओ और कहो ''मेरे अल्लाह, उन पर दया करो जैसे उन्होंने मुझे पाला था जब मैं छोटा था''

आज सारी दुनियां में इज्जत है तो मां-बाप की वजह से है। इसलिये मां बाप की इज्जत करना चाहिए और मां बाप की बातें माननी चाहिए। मां जन्नत है तो बाप जन्नत का चाबी है। आज आप लोगों की इज्जत है। तो सारी दुनिया में तो सिर्फ मां बाप की वजह से इस लिये मां अगर घर में नहीं होते तो घर कब्र की तरह लगता है। बच्चों की सबसे बड़ी दौलत मां बाप है। इसलिए मां बाप की इज्जत कदर करनी चाहिए। हर बच्चों को भी दूसरे के मां को अपनी मां-बाप समझना चाहिए। क्योंकि जिसके मां-बाप नहीं है उसको जाओ पूछो कि उसको किस तरह लगता है। इस तरह कॉलेजों में या स्कूलों में जब भी जाते हो तो सर मैडम लोगों को मां-बाप के समान समझना चाहिए। क्योंकि सर मैडम लोग कि मरतजा मां-बाप से ज्यादा है। क्योंकि सर मैडम लोग उस्ताद साहेब होते हैं। अगर सोचो जिस मां के पैर के नीचे जन्नत है। तो मां के सिर का मकान क्या होगा, उसी तरह सर मैडम लोग की भी इज्जत करना चाहिए।

जास्मीन कुरैशी
पी.जी.डी.सी.ए.

जो सरहद पर सीना तान खड़े

जो सरहद पर सीना ताने खड़े हैं।
शौर्य पराक्रम और वीरता से भरे हैं। ।
जो प्राणों की बाजी हाथों में लेकर चलते हैं।
और दुश्मनों के सामने काल बन टूट पड़ते हैं। ।
सदा रहा मनोबल आसमान से ऊँचा जिनका।
जिनका मन केवल भारत भक्ति और भारतीयों सुरक्षा लक्ष्य इनका।।
चाहे बर्फ हो, चट्टानें हो और चाहे हो रेगिस्तान।
कहो किस मोर्चे पर नहीं ध्यान रखा है।
और प्राणों की बाजी लगाकर के।
सबसे पहले हिन्दुस्तान रखा है।
तिरंगा हम सब की आन बान शान है
मगर तिरंगे के लिए हसकर होते कुर्बान हैं।
इन भारतीय वीरों के कर्म इनके शौर्य की गवाही कहते हैं।
सूख जाते है। इनके पराक्रम लिखते-लिखते अब कलम के स्याही कहते हैं।
लाड़ले लाल हैं सच्चे सपूत भारत माता के
ये अनुपम कृति है उस भाग्य विधाता के
ये हैं सरहद पर तो भारत के भाग्य का निर्माण
निर्विघ्न सम्पन्न होता है।
अरे आप ही के भरोसे तो पूरा हिन्दुस्तान चैन से सोता है
आप वीर हो उस महान परम्परा के
जिनके ज्ञान के सूर्य से संसार चमके
जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी के सूक्ति को चरितार्थ करते हैं।
और अपना लहूँ बहाकर देश के हित परमार्थ करते हैं।



आशीष श्रीवास्तव
एम.ए. हिन्दी द्वितीय सेमेस्टर

एन.एस.एस. शिविर

जीवन शैली के परिवर्तन का नाम है एन.एस.एस.
व्यक्तित्व विकास का नाम है एन.एस.एस.।।
साझा करूँ कुछ अपनी ही जुबानी,
याद आती है वो उन दिनों की कहानी।।
जहाँ जमाने से जीतना है,
सूर्य को हराना है।।

प्रभात फेरी ''उठ जाग मुसाफिर''
शहर को जगाना है।
नाश्ते में पूरियों के लिए लड़ाई।।
और पानी वाली चाय की बुराई।
ये तो रोज का काम है,
फिर भी साथ में मिलकर रहना,
ये एन.एस.एस. की देन है।

परेड का हो मैदान या हो श्रमदान।
पसीना तो दोनों में बहाना है।।
रातों की वो अधूरी नींद बौद्धिक सत्र में ही पूरी होनी है।
परिवार से दूर रह कर भी परिवार की कमी कहां महसूस होती है।।
सांस्कृतिक कार्यक्रम के रंगमंच पर होते हैं अनेकों परिधान,
यही तो है एकता का प्रतीक-हमारा देश भारत महान।।

जय हिन्द..... जय भारत .....

माधुरी कुम्भकार
बी.ए.द्वितीय वर्ष
राष्ट्रीय स्वयं सेविका

मेरे प्यारे पापा

मैंने उनका हाथ थामना चाहा
चलते-चलते फिर देखा।
पहले से ही मेरे पापा ने
मेरा हाथ थाम रखा था।।

परिस्थितियों से लड़ते रहते हैं
पर कभी बताते नहीं।
दर्द तो पिता को भी होता है
पर कभी जताते नहीं।।

जिससे सब कुछ पाया है
जिसने सब कुछ सिखलाया है।
कोटि जो नमन ऐसे पापा को
जो हर पल साथ निभाया है।।

पिता के बिना जिन्दगी वीरान है
सफर तन्हा और राह सुनसान है।
वहीं मेरी जमीं वहीं आसमान है
वहीं खुदा वहीं मेरा भगवान है।।

नसीब वाले होते है। वो जिनके सर पर
पिता का हाथ होता है।
परेशानियों कम हो जाती है सब जब
पिता का घर में वास होता है।।

मैं घर से निकली तो पता चला
कि मेरा कितना नाम है
क्योंकि मेरे नाम से आगे
मेरे पापा का नाम है।।

खुशियां मिलती अपार
सुकून मिलता अपार
जब मिल जाता है
बस पापा का प्यार।।

हाथ पकड़ कर रखना
हमेशा बाप का
किसे के पैरों को
पकड़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी।।

हाथ पकड़कर रखना
हमेशा बाप का
किसी के पैरों को
पकड़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी।।

पापा का नारियल जैसा व्यवहार है
बाहर से सख्त, अंदर से मुलायम आचार है।
उनकी डाट में छुपा रहता उनका प्यार है
जो न चाहे अपने पिता को उसे धिक्कार है।।

अन्नू जायसवाल
एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर
हिन्दी साहित्य

युवा शक्ति

सूरज का भी तेज लिए जो
हैं युवा हम वो शक्तिशाली
खण्ड नहीं कर सकता जिसके
है उस अखण्ड देश की डाली।।

ओत-प्रोत हैं यौवन से हम
और नहीं है असमर्थ विकल्प
आवाहन कर युवा क्रांति का
लिया है परिश्रम का संकल्प।।

नहीं असम्भव हमारे लिये
कर के सब कुछ दिखलायेंगें।।
पराकाष्ठा वीरत्व छूकर
अपना महत्व बतलायेंगें।।

हम दिव्यमौन महाशून्य के
अर्द्धरात्रि के हैं हम प्रकाश
नहीं लोभ धन सत्ता का हमें
लिया है इन सभी से सन्यास।।

चंचलता से परिपूर्ण हृदय
जिसने सीखा है सदाचार।
हर कष्ट सहन कर सकते हैं
नहीं सहा जाता भ्रष्टाचार।।

जो छायी है इस अम्बर में
सूरज की वो लाली है हम
सब के चेहरों पर जो बनकर
चमते वो खुशहाली हैं हम

जिन आदर्शों के लिए हमने
मृत्यु का भी वरण किया है
नवकिरण नहीं छोड़ी तुमने
सपनों का भी हरण किया है

तुम्ही निर्णायक युवा क्रांति के
तो फिर तुम लो जनघोष करो।।
क्रांति सारथी तुम ही बनकर
अब हम सब में जल्लोष भरो।।

प्रबल भीड़ है अज्ञानों की
भरना हो तो कुछ ज्ञान भरो।
हम शक्ति हैं राष्ट्रीय हित की
दृढ़ संकल्प सम्मान करो।।

खाक छान लो चाहे तुम भी
वेद पुराण हर इतिहास की।
वो शक्ति हैं हम जिसने कभी
लिखी नहीं कथा परिहास की।।

अंतस की परम दिव्यता में
जब उठा बंधुत्व का नारा
सर्वज्ञ शक्ति भाव में लिपटा
सहिष्णुता संदेश हमारा।।

अद्वैत निद्रा से अब न जागे
समय निरर्थक फिर होना है।
शांति रूपी अखण्ड देश की
सर्वत्र छवि को फिर खोना है।।

नहीं आग है इन हाथों में
हम खुद ही एक चिंगारी हैं
अंधता और अत्याचारों से
युद्ध हमारा फिर जारी है।।

ये युवा ही राष्ट्र शक्ति हैं
देश कर्म फैला कर देखो
हम सब ही तो सिद्ध युक्ति हैं
दृढसंकल्प जगा कर देखो।।

विकास कुम्भकार
कक्षा एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर हिन्दी साहित्य

गाँव की यादें

कल कल करती नदियाँ बहती
तेज उफानों में आती है।
अपनी लालिमा से पूरा गांव महकाती है
तेज हवा में बसंती
सबका मन बहलाती है।।

सुबह-सुबह की धीमी किरणें
नयी सवेरा लाती है।
हर मोहल्ले घुम-घुम के
बच्चे शोर मचाते हैं।
नौ बजे की बारी आते
बच्चे रोज स्कूल जाते हैं
शांत वातावरण का होना
यही रहता माहौल है।

एक-दूसरों के लिए यहाँ
रहता बहुत प्यार है।
शहरों से भी है बहुत
अच्छी प्यारी गांव है।।
भावनाएं समझ-समझ कर
बनता बहुत मिशाल है।
जहाँ हर किसी के चेहरे पर
सच्ची रहती मुस्कान है।।

ठंड की ताजी हवा में,
सबने ओढ़ी रजाई है।
पानी के बुंदों में भी
मिट्टी ने खुशबू लाई है
रंग-बिरंगे फूल खिले।।

बगिया आंगन महकाई है।
रिश्ते-नाते खूब बने
सबने बड़े अच्छे से रिश्ते निभाई है।।

हाँ हमारे गांव में भी
अच्छी खुशियाँ आई है।
धूम-धूम के बांटे मिठाई
सब रौनक आई है।
किलकारी से गूंजी
सबका मन बहलाई है।

रानी साहू
कक्षा एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर हिन्दी साहित्य



गुरू की महिमा

गुरू के बिना कोई ज्ञान नहीं, ज्ञान के बिना कोई महान नहीं।
गुरू के बिना कोई राह नहीं, संसार में गुरू के जैसा कोई महान नहीं।।

गुरू ज्ञान का भण्डार है, इसमें बरसा पूरा संसार है।
गुरू की महिमा अंपायर है, गुरू साक्षात ईश्वर का वरदान है।।

गुरू वो है जो जीना सीखा दे, आपको आपसे पहचान करा दे।
तराश दे कोहिनूर की तरह तुमको, हार कर जीत जाने का हुनर सीखा दे।।

मेरा मित्र

जब से मेरा यार साथ है, हर पल खुश हो जाता हूँ।
जब से जीवन में तेरा साथ है, हर मुश्किलों को पार कर लेता।।
जब से हर कदम तेरा साथ है,
अब मेरे आंखों से आंसू नहीं बहते जब से तू मेरे पास है।

मतलबी दुनिया में तू ही तो, मेरे हौसलों की पहचान है।
तू साथ है तो सब कुछ मेरे पास है, तू इस दुनिया में मेरे लिए खास है।।

तू है तो मन में विश्वास है, तू ही तो मेरा भाई, मेरा यार और परिवार है।।

सुनील जायसवाल
बी.ए.तृतीय वर्ष

प्रतिवेदन हिन्दी विभाग सत्र 2024-25

महाविद्यालय में 1983 से हिंदी विभाग संचालित है। विभाग में स्नातकोत्तर की कक्षाएं 2005 से प्रारंभ हुई है। हिंदी विभाग में दो सहायक प्राध्यापक तथा एक प्राध्यापक का पद सृजित है। सहायक प्राध्यापक के रूप में श्री नरेंद्र कुमार कुलमित्र तथा दो अतिथि व्याख्याता श्री राजकुमार भारद्वाज एवं श्री देवराज वर्मा कार्यरत हैं। विभाग द्वारा सत्र 2024-25 में संचालित गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है -

1. 31 जुलाई, 2024 को महाविद्यालय में मुंशी प्रेमचंद जयंती मनाई गई जिसमें हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष श्री नरेंद्र कुमार कुलमित्र द्वारा मुंशी प्रेमचंद की कहानियों पर जानकारी दी गई तथा वर्तमान में इन कहानियों की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। एम ए हिंदी प्रथम सेमेस्टर के छात्र आशीष श्रीवास्तव द्वारा पूस की रात कहानी का वाचन किया गया तथा एम ए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा भारतीय बघेल ने बूढ़ी काकी कहानी का वाचन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 60 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

2. 14 सितंबर, 2024 को महाविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी के प्रसिद्ध व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई जन्म शती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय "परसाई और हमारा समय" था। संगोष्ठी में आलोचक जयप्रकाश, प्रोफेसर सियाराम शर्मा एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष श्री रवि श्रीवास्तव द्वारा महत्वपूर्ण वक्तव्य प्रस्तुत किए गए।संगोष्ठी में 200 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

3. 4 अक्टूबर, 2024 को महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी परिषद का गठन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बी एस चौहान द्वारा हिंदी परिषद के पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई। हिंदी विभागाध्यक्ष श्री नरेंद्र कुमार कुलमित्र द्वारा परिषद के महत्व पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर 50 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही.

4. 3 फरवरी 2025 को महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा छायावाद के आधार स्तंभ पंडित सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जन्म जयंती मनाई गई। इस अवसर पर हिंदी विभाग अध्यक्ष श्री नरेंद्र कुमार कुलमित्र द्वारा निराला के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में विभाग के 50 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

5. 21 फरवरी, 2025 को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग के तत्वाधान में मातृभाषा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री नरेंद्र कुमार कुलमित्र हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष ने मातृभाषा के संबंध में जानकारी दी गई।इस अवसर पर 80 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

नरेन्द्र कुमार कुलमित्र
विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग

विभागीय प्रतिवेदन मनोविज्ञान विभाग

मनोविज्ञान विभाग संपूर्ण कबीरधाम जिले का एक मात्र विभाग है जो कि आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा मे सहायक प्राध्यापक डॉ. कविता कन्नौजे एवं अतिथि व्याख्याता श्री पंचराम साहू कार्यरत् है।

मनोविज्ञान को व्यवहार एवं मानसिक क्रियाओं के अध्ययन का विज्ञन कहा गया है। इस प्रकार मनोविज्ञान मन और व्यवहार का वैज्ञानिक अध्ययन है। मनोविज्ञान हमें व्यवहार ओर मानसिक प्रक्रियाओं के तथ्यों और संबंधो का मूल्यांकन और व्याख्या करने में सक्षम बनाती है। सामाजिक और प्राकृतिक समस्याओं से निपटने के लिए मनोविज्ञन के सिद्धांतो की समझ महत्वपूर्ण है। मनोविज्ञन विषय में अध्ययन के पश्चात् मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में टीचिंग, काउंसलिंग आदि के क्षेत्र में कैरियर के अनेक विकल्प है अतएव इस विषय में विद्यार्थियों का रूझान बढ़ा है।

वर्तमान में महाविद्यालय के मनोविज्ञन विभाग में स्नातक स्तर की कक्षाएँ संचालित हैं, जिसमें NEP के अनुसार सेमेस्टर कक्षाएँ (DSC/GE/VAC) एवं Non NEP B.A. III वर्ष सम्मिलित है।

शैक्षणिक सत्र 2024–25 में अध्ययन के साथ–साथ सह–शैक्षणिक गति विधियाँ भी सम्पन्न कराई गई कुछ प्रमुख गतिविधियों एवं कार्यक्रम का विवरण :–

विभागीय परिषद का गठन :–

विभागीय 'मनोविज्ञन परिषद का गठन मनोविज्ञन विषय के क्षेत्र में होने वाले क्रियाकलापों के समायोजन के लिए किया जाता है। विभागीय परिषद द्वारा सेमीनार, वर्कशॉप, जागरूकता कार्यक्रम शैक्षणिक भ्रमण, क्वीज, मॉडल, पोस्टर, प्रतियोगिता से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

2. विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस –

10 सितम्बर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

3. विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस –

10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला काआयोजन किया गया। विभाग द्वारा शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधिया संचालित की जाती है।

विभागाध्यक्ष
डॉ. कविता कन्नौजे

तम्बाकू नियंत्रण समिति

महाविद्यालय में तंबाकू नियंत्रण समिति संचालित है। प्राचार्य महोदय के संरक्षण में संयोजक डॉ. कविता कन्नौजे द्वारा तंबाकू उत्पाद के सेवन पर नियंत्रण हेतु 20 सदस्यी टीम गठित की गई है। टीम का मुख्य कार्य तंबाकू उत्पाद की सेवन एवं बिक्री पर नियंत्रण करना है। 100 गज की दूरी तक किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद का प्रयोग पूर्णतः वर्जित है तथा नशामुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम किये जाते है। महाविद्यालय को **Tobacco Free Educational institute** बनाये रखना समिति का उददेश्य है तथा तंबाकू उपयोग करते पाये जाने पर अधिनियम के तहत् नियमानुसार जुर्माने का प्रावधान है।

काउंसलिंग सेल

महाविद्यालय में काउंसलिंग सेल संचालित है। विद्यार्थियों में किसी भी प्रकार की चिंता, अवसाद, डर आदि होने पर वे महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में संचालित कांउसलिंग सेल में जाकर काउंसलिंग लेते है। संयोजक डॉ. कविता कन्नौजे द्वारा परीक्षा पूर्व तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन समायोजन पर समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है। किसी भी प्रकार का मानसिक तनाव होने पर महाविद्यालयीन विद्यार्थी काउंसलिंग सेल का लाभ ले सकते है।

राष्ट्रीय सेवा योजना

आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई संचालित है। महाविद्यालय में महिला इकाई के तहत् 100 स्वयं सेविकाएँ पंजीकृत है। रासेयो के नियमित गतिविधियों तथा शिविर के माध्यम से समाजसेवा, जागरूकता का कार्य किया जाता है।

नियमित गतिविधियों के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में किये गये प्रमुख कार्य :-

1. स्वयं सेविकाओं को रासेयो के सिद्धांतो का प्रशिक्षण।
2. स्वयं सेविकाओं को योग, परेड आदि की ट्रेनिंग।
3. महाविद्यालय प्रांगण, परिसर में स्वच्छता का कार्य।
4. महाविद्यालय प्रांगण परिसर में वृक्षारोपण, पर्यावरण संवर्धन पर कार्य।
5. मतदाता जागरूकता पर विभिन्न कार्यक्रम एवं आदर्श मतदान केन्द्रो में सेवा कार्य किया गया।
6. विभिन्न विशेष दिवसों पर जागरूकता, रैली, निबंध, भाषण, प्रतियोगिता का आयोजन जिसमें प्रमुख रूप से वीर बाल दिवस, विश्व एड्स दिवस, विश्व तम्बाकू निषेध दिवस, कृमि मुक्ति दिवस, संकल्प दिवस, नार्कोटिक संसिटाइजेशन कार्यक्रम सम्मिलित है।
7. समुदाय में सहभागिता- यातायात जागरूकता पर संदेश एवं हेल्मेट पहनकर जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक आदि।
8. महाविद्यालयीन कार्यक्रमों में सहयोग स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस पर तैयारी में कार्य।
9. युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन।
10. डिजिटल साक्षरता एवं मेरा युवा भारत पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित।
11. उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार अन्य विशेष दिवसीय कार्यक्रम, वर्कशाप, सेमिनार आदि।
12. गोदग्राम चिमरा में विभिन्न मुद्दो पर कार्यक्रम तथा एक दिवसीय शिविर का आयोजन।
13. राज्य स्तरीय एवं एडवेंचर कैंप के लिए स्वयं सेविकाओं का चयन हुआ जिसमें क्रमशः रूखमणी नौरंग एवं पायल चन्द्राकर शामिल है।

सात दिवसीय विशेष शिविर (प्रमुख बिन्दु)

शैक्षणिक सत्र 2024-25 में रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत सिंघनपुरी विकासखण्ड बोड़ला जिला- कबीरधाम में दिनांक 27.01.2025 से 02.02.2025 तक छिरहा विकासखण्ड कवर्धा जिला- कबीरधाम में किया गया विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऋचा मिश्रा के संरक्षण में तथा रासेयो समन्वयक श्री जैनेन्द्र कुमार दिवान एवं रासेयो जिला संगठक डॉ. कामती सिंह परिहार के मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कविता कन्नौजे के नेतृत्व में शिविर संपन्न हुआ।

शिविर का मुख्य उद्देश्य शिविर ग्राम में विभिन्न स्वास्थ्य, स्वच्छता सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता का संदेश देना थां जो कि इस वर्ष थीम- 'मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा के तहत् किया गया।

सात दिवसीय विशेष शिविर में ग्राम पंचायत छिरहा के गणमान्य नागरिको एवं समस्त ग्रामवासियों तथा स्कूल के प्राचार्य एवं स्टॉफ के साथ-साथ स्कूली बच्चों का भी विशेष सहयोग रहा प्रभातफेरी, बौद्धिक परिचर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, दीवारों पर जागरूकता संदेश लेखन, समुदाय से चर्चा, वहा की समस्या की पहचान करना आदि कार्य किये गये। बौद्धिक परिचर्चा में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, यातायात विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के वक्ताओं एवं विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत सेवानिवृत्त शिक्षक एवं शिक्षाविहा द्वारा भी विशेष व्याख्यान दिये गये। शिविर में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण रासेयो के स्वयं सेवको का सहयोग रहा।

रेड रिबन क्लब

